संख्या- 10 /2019 / 4204 /चार-2018 -30 (बजट)/ 2014

प्रेषक,

शिशिर
विशेष सचिव ,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 23 जनवरी, 2019

विषय:- वित्तीय वर्ष 2018-19 में जसवन्तनगर में पंचवटी भवन के जीर्णोद्धार/निर्माण आदि कार्यो हेतु प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-3577/सं0नि0-6(70)/2013-14 दिनांक 27 दिसम्बर, 2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद इटावा के जसवन्तनगर में पंचवटी भवन के जीर्णोद्धार/निर्माण आदि कार्यो हेतु अनुमोदित/मूल्यांकित आगणन रू0 492.33 लाख के सापेक्ष शासनादेश संख्या-142/2016/910/चार-2016-30(बजट)/2014 , दिनांक 10 अगस्त, 2016 द्वारा रू0 150.00 लाख तथा शासनादेश संख्या-43/2018/723/चार-2018-30(बजट)/2014 , दिनांक 21 मार्च, 2018 द्वारा रू0 150.00 लाख अर्थात कुल धनराशि रू0 300.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी थी। तद्क्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018-19 में जनपद इटावा के जसवन्तनगर में पंचवटी भवन के जीर्णोद्धार/निर्माण आदि कार्यो हेतु रू0 150.00 लाख (रूपये एक करोड पचास लाख मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- शासनादेश संख्या-142/2016/910/चार-2016-30(बजट)/2014 , दिनांक 10 अगस्त, 2016 तथा शासनादेश संख्या-43/2018/723/चार-2018-30(बजट)/2014, दिनांक 21 मार्च, 2018 में उल्लिखित शर्ते यथावत रहेंगी।

3- जनपद इटावा के जसवन्तनगर में पंचवटी भवन के जीर्णोद्धार/निर्माण आदि कार्यो की गुणवत्ता का निरीक्षण भी विभागीय अधिकारियों से करा करके अपनी आख्या/रिपोर्ट भी उपलब्ध करायेंगे।

4- उपर्युक्त स्वीकृति चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान संख्या-92 के अधीन लेखाशीर्षक-4202-शिक्षा, खेलकूद कला तथा संस्कृति पर पूॅजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति-800-अन्य व्यय-04-जसवन्तनगर इटावा में पंचवटी भवन का जीर्णोद्धार-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018 दिनांक 30 मार्च, 2018 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(शिशिर)
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/

संख्या- 10 /2019 / 4204 /चार-2018 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- जिलाधिकारी, इटावा।
3- वित्त नियंत्रयक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- महाप्रबन्धक जोन-7 , उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 लखनऊ ।
6- परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 इटावा।
7- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग/नियोजन अनुभाग-4,
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शिशिर)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।